# यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उपक्रम)

# Uranium Corporation of India Limited
(A Government of India Enterprise)

कम्पनी **ISO 9001 : 2000, 14001 : 2004** एवं **IS 18001 : 2007**

**An ISO 9001 : 2000, 14001 : 2004 & IS 18001 : 2007 Company**






४२वां वार्षिक प्रतिवेदन - २००८-२००९

42nd Annual Report - 2008-2009

# URANIUM CORPORATION OF INDIA LIMITED

(A Government of India Enterprise)





# यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

**(भारत सरकार का उपक्रम)**

रजिस्टर्ड ऑफिस : जादुगोड़ा माइन्स, जिला – सिंहभूम (पूर्व)
झारखंड – 832102
दूरभाष : 0657–2730122 / 222 / 353
फैक्स : 0657–2730322
ई–मेल : uranium@ucil.gov.in
वेबसाईट : www.ucil.gov.in

# अनुक्रमणिका


| | | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | निदेशक मण्डल | 3 |
| 2. | कार्यकारी अधिकारीगण | 4 |
| 3. | अध्यक्ष की कलम से | 5 |
| 4. | अंशधारियों के समक्ष निदेशक मण्डल का प्रतिवेदन | 7 |
| 5. | **लेखा विश्लेषण** | |
| | (i) विशिष्टताएँ | 20 |
| | (ii) कम्पनी की वित्तीय स्थिति | 21 |
| | (iii) कम्पनी की आय एवं व्यय का विवरण | 22 |
| 6. | **बार तथा पाई चार्ट** | |
| | (i) आय का वर्गीकरण | 24 |
| | (ii) आय का वितरण | 24 |
| | (iii) आय में वृद्धि | 25 |
| | (iv) निवल मालियत में वृद्धि | 25 |
| | (v) नियोजित पूँजी | 26 |
| | (vi) सकल तथा शुद्ध निरूद्ध पूँजी | 26 |
| 7. | अंशधारियों के समक्ष लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन | 27 |
| 8. | निगम के लेखों पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक भारत की टिप्पणी | 31 |
| 9. | 31 मार्च, 2009 की स्थिति का तुलन–पत्र | 32 |
| 10. | वित्तीय वर्ष 2008–2009 के लिए लाभ तथा हानि का लेखा | 33 |
| 11. | लेखे की 1 से 15 तक की अनुसूचियाँ | 34 |
| 12. | 31.03.2009 को समाप्त वर्ष में कैश फ्लो विवरण | 58 |
| 13. | तुलन–पत्र का सार एवं कम्पनी के सामान्य व्यापार की रूपरेखा | 59 |
| 14. | पच्चीस वर्षीय स्थिति का सार संग्रह | 60 |

# निदेशक मण्डल

**श्री आर॰ गुप्ता**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

**श्री डी॰ आचार्या**
निदेशक (तकनीकी)

**श्री आर॰ पी॰ गुप्ता**
निदेशक (वित्त)

**सुश्री रेवती अय्यर**

**श्री वी॰ आर॰ सदाशिवम**

**श्री एम॰ एल॰ मजुमदार**

**प्रो॰ एस॰ पी॰ मेहरोत्रा**

**श्री आर॰ एन॰ जयराज**

**डा॰ अंजन चाकी**

**श्री ए॰ के॰ बासु**
(31.08.2009 तक)

**श्री पी॰ वी॰ दुबे**
कम्पनी सचिव

## लेखा परीक्षक

**मेसर्स एस॰ गांगुली एण्ड एसोसिएट**
सनदी लेखापाल
''तासी हाउस'', प्रथम तल 74/2ए
गोल्फ क्लब रोड, कोलकाता – 700 033

# कार्यकारी अधिकारीगण

| | |
|---|---|
| अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक | **श्री रमेन्द्र गुप्ता** |
| निदेशक (तकनीकी) | **श्री डी. आचार्या** |
| निदेशक (वित्त) | **श्री आर. पी. गुप्ता** |
| महाप्रबंधक (यांत्रिकी) | **श्री पिनाकी राय** |
| महाप्रबंधक | **श्री एस. एन. बनर्जी** |
| महाप्रबंधक (कार्मिक) | **श्री के. महाली** |
| महाप्रबंधक (टीपी) | **श्री एन. एम. बहल** |
| महाप्रबंधक (टीएस) | **श्री एस. सिद्दिकी** |
| महाप्रबंधक (मिल) | **श्री एस. के. श्रीवास्तव** |
| महाप्रबंधक (खान) | **श्री एस. सी. भौमिक** |
| उप महाप्रबंधक (यांत्रिकी) | **श्री निरंजन मिश्रा** |
| उप महाप्रबंधक (विद्युत) | **श्री राजन प्रसाद** |
| उप महाप्रबंधक (खान) | **श्री जी. एस. घोष हाजरा** |
| उप महाप्रबंधक (यांत्रिकी) | **श्री ए. मधुसुदन राव** |
| उप महाप्रबंधक (विद्युत) | **श्री यू. सी. मल्लिक** |
| उप महाप्रबंधक (विद्युत) | **श्री पी. के. धर** |
| उप महाप्रबंधक (खान) | **श्री पी. एन. सरकार** |
| उप महाप्रबंधक (खान) | **श्री अजय घड़े** |
| उप महाप्रबंधक (यांत्रिकी) | **श्री एस. के. गुहानियोगी** |
| उप महाप्रबंधक (यांत्रिकी) | **श्री सी. एस. शिव कुमार** |
| कम्पनी सचिव | **श्री पी. वी. दुबे** |

# अध्यक्ष की कलम से



प्रिय सदस्यगण,

कम्पनी की 42वीं वार्षिक साधारण बैठक में आप सभी का हार्दिक स्वागत करते हुए मुझे अपार प्रसन्नता हो रही है। वर्ष 2008–2009 के लिए कम्पनी का परीक्षित लेखा विवरण तथा निदेशकों का प्रतिवेदन आप सभी को दिया जा चुका है तथा आपकी अनुमति से मैं इसे पढ़ लिया गया मानता हूँ।

यह सूचित करते हुए मुझे अपार हर्ष हो रहा है कि वर्ष 2008–09 में कम्पनी की सभी प्रचालनरत इकाइयों का निष्पादन संतोषजनक रहा। देश की सबसे गहरी खान होने के कारण इसके प्रचालन व्यय में वृद्धि होने के बावजूद जादुगोड़ा खान में पिछले वर्ष की 63.7 प्रतिशत की तुलना में इस वर्ष 55.9 प्रतिशत की उपयोग क्षमता दर्ज की गयी। भाटिन खान की उपयोग क्षमता में सुधार हुआ है और इसकी उपयोग क्षमता पिछले वर्ष 59.12 प्रतिशत की तुलना में इस वर्ष 61.39 प्रतिशत रही। नरवा पहाड़ खान की क्षमता विस्तार 1000 टीपीडी से 1500 टीपीडी किया गया और इसकी उपयोग क्षमता पिछले वर्ष 118.91 प्रतिशत की तुलना में इस वर्ष 131.64 प्रतिशत रही। तुरामडीह खान में वर्ष प्रतिवर्ष उत्पादन क्षमता में निरंतर प्रगति हो रही है। पिछले वर्ष 59.49 प्रतिशत उपयोग क्षमता की तुलना में इस वर्ष खान की उपयोग क्षमता 108.19 प्रतिशत रही। वर्ष के दौरान जादुगोड़ा संयत्र की उपयोग क्षमता पिछले वर्ष की 111.94 प्रतिशत की तुलना में इस वर्ष 111.45 प्रतिशत रही। यह सूचित करते हुए मुझे हर्ष हो रहा है कि तुरामडीह में स्थापित नये संयंत्र के निष्पादन में निरंतर सुधार हो रहा है।

भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के साथ वर्ष 2007–08 में हुए समझौता ज्ञापन के अनुसार आपकी कम्पनी का निष्पादन कार्य "अच्छा" मूल्यांकित किये जाने की आशा है। 2008–09 में तीनों प्रमाणीकरणों – ISO 9001:2000, 14001:2004 और IS-18001:2007 में खरा उतर कर कम्पनी ने गुणवत्ता प्रचालन, पर्यावरण दायित्व एवं सुरक्षा जागरूकता पर प्रतिबद्धता प्रमाणित की है।

प्रिय सदस्यों आपकी कम्पनी का विस्तार तेज गति से हो रही है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साथ आपकी कम्पनी के लिए वर्ष 2008–09 संतोषप्रद वर्ष रहा है। वर्ष के उत्तरार्ध में बागजाता भूमिगत खान व बादुहुरांग खुली खान प्रारम्भ हुई एवं तुरामडीह संयत्र में भी कार्य प्रारम्भ हुआ। एम॰डी॰यू उत्पादन में इसका संयुक्त प्रभाव वर्ष 2009–10 में दिखायी देने की आशा है। जादुगोड़ा एवं तुरामडीह संयंत्रों का विस्तारण कार्य संतोषजनक रूप से प्रगति पर है। माहुलडीह एवं तुमल्लापल्ली भूमिगत खान और मिल का निर्माण भी योजना के अनुसार प्रगति पर है। राष्ट्रीय पर्यावरण प्राधिकरण ने लाम्बापुर खान के लिए पर्यावरण स्वीकृति के विरूद्ध दी गई चुनौती को कम्पनी के पक्ष में खारिज कर दिया है जिससे परियोजना निर्माण के कार्य का रास्ता खुल गया है। मेघालय सरकार द्वारा के॰ पी॰ एम॰ परियोजन के लिए परियोजना पूर्व के विकास कार्यो के लिये स्वीकृति दिये जाने से भारत सरकार द्वारा परियोजना के लिये स्वीकृति प्राप्त करने का रास्ता साफ हो गया है। गोगी में खनन अन्वेषण के प्रथम चरण का कार्य प्रगति पर है और फ्लोशीट विकसित करने के लिये पायलट संयंत्र पर अध्ययन किया जा रहा है ताकि नयी खान व प्रसंस्करण संयंत्र परियोजना को मूर्तरूप दिया जा सके।

परमाणु सहयोग के वैश्विक विकास के आलोक में तथा इसमें अर्न्तवती अवसरों को देखते हुए कम्पनी ने विदेशों में सरकारी निजी भागीदारी के तहत यूरेनियम अन्वेषण तथा खनन कार्य करने का बड़ा कदम उठाया है। इस संबंध में मंगोलिया, रूस, दक्षिण अफ्रिका, नामीबिया और कज़ाकिस्तान में यूरेनियम के स्त्रोतों का पता लगाया जा रहा है और एन.पी.सी.आई.एल. को साथ लेकर विभिन्न स्तरों पर वार्ता हुई है। यूरेनियम अन्वेषण एवं खनन को अनेक अन्तर सरकारी समझौतो में महत्वपूर्ण स्थान मिल रहा है।

आपकी कम्पनी अपने कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के रूप में अपनी सभी इकाईयों के आस–पास के क्षेत्रों के विस्तृत विकास के लिए समर्पित है। आपकी कम्पनी द्वारा झारखण्ड एवं आंध्रप्रदेश में अपनी प्रचालनरत इकाईयों एवं मेघालय में प्रस्तावित परियोजना स्थल के आस पास के क्षेत्रों में कराए जा रहे ढांचागत विकास, स्थानीय बेरोजगार युवकों के लिये व्यवसायिक प्रशिक्षण की व्यवस्था, निःशुल्क चिकित्सा सुविधा का इंतजाम एवं आर्थिक सामाजिक रूप से पिछड़े परिवारों के बच्चो के लिये निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की, जिसकी स्थानीय लोगो द्वारा भूरिभूरि प्रशंसा की जा रही है। कम्पनी ने नरवापहाड़ में एक ग्रामीण चिकित्सा केन्द्र खोला है जहाँ पर आस–पास के गाँवों में रहने वाले गरीबी रेखा से नीचे के कार्ड धारकों को निःशुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान की जा रही है। स्थानीय युवकों को कार्यकुशल बनाने के उद्देश्य से तुरामडीह में एक औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किया गया है जिसमें स्थानीय युवकों को प्रशिक्षित कर कुशल बनाया जा रहा है, ये कल्याणकारी कार्य आपकी कम्पनी की सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

आपकी कम्पनी अपने कार्यक्रमों के सफलता पूर्वक कार्यान्वयन में मानव संसाधन विकास के महत्व को पूरी निष्ठा से मानती है। नियमित कर्मचारियों की कुशलता में वृद्धि के लिये प्रशिक्षण के अतिरिक्त प्रबंधन प्रशिक्षुओं को विशिष्ट प्रशिक्षण देने के लिये भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान खड़गपुर, आई.एस.एम. धनबाद व एक्स.एल.आर.आई. जमशेदपुर आदि से प्रशिक्षक आमंत्रित किये जाते हैं।

मैं पूर्ण आश्वस्त हूँ कि आने वाले दिन हमारे लिये अपना उत्तम योगदान देने के अवसरों से परिपूर्ण होंगे जो आपकी कम्पनी को नयी ऊचाइयों पर ले जायेंगे। मैं सामूहिक प्रयास के रूप में आपके मार्गदर्शन एवं सहयोग द्वारा उत्कृष्टता प्राप्ति के लिये आशान्वित हूँ। इस अवसर पर मैं परमाणु ऊर्जा विभाग एवं उसकी विभिन्न ईकाइयों को उनके द्वारा दिये हर सम्भव सहयोग के लिये हार्दिक धन्यवाद देता हूँ। मैं इस अवसर पर कम्पनी के सभी कर्मचारियों के योगदान और बोर्ड के अपने सहयोगियों का सभी अवसरों पर उनके द्वारा किये गये गम्भीर प्रयासों एवं उनकी समर्पित प्रतिबद्धता के लिये आभारी हूँ। मैं विशेष तौर पर कम्पनी बोर्ड से सेवा निवृत्त हो रहे सदस्यों को कार्यकाल के दौरान उनके सहयोग, विशिष्ट सुझावों एवं अथक प्रयासों के लिये धन्यवाद देता हूँ।

अब मैं कम्पनी का 31 मार्च, 2009 का तुलन पत्र तथा 31 मार्च, 2009 को समाप्त हुए वर्ष का लाभ–हानि लेखा आपके विचारार्थ, अनुमोदन तथा अंगीकरण के लिए प्रस्तुत करता हूँ।

धन्यवाद,

जादुगोड़ा
22 सितम्बर, 2009

**आर॰ गुप्ता**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

# निदेशकों का प्रतिवेदन

सेवा में,
अंशधारीगण,
यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
जादुगोड़ा

सज्जनों,

निदेशक मंडल की ओर से आपकी कम्पनी का 31 मार्च, 2009 में समाप्त हुए वर्ष का 42वां वार्षिक विवरण, परीक्षित लेखाओं तथा सांविधिक लेखा परीक्षकों एवं भारत के नियंत्रक तथा महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन के साथ प्रस्तुत करते हुए मुझे अपार प्रसन्नता हो रही है।

## 1.0 परिचालन विशिष्टताएँ :

### 1.1 वित्तीय निष्पादन :

कम्पनी की परिचालन का संक्षिप्त वित्तीय परिणाम नीचे दिखाया गया है।

लाख रूपयों में

| | चालू वर्ष 2008–2009 | विगत वर्ष 2007–2008 |
|---|---|---|
| आय | **41,462.48** | 30,436.32 |
| मूल्यह्रास एवं पूर्व अवधि का समायोजन के पूर्व लाभ | **8,867.53** | 4,760.44 |
| घटाया : (क) मूल्यह्रास | **2,754.55** | 2,517.89 |
| (ख) पूर्व अवधि का समायोजन | **108.58** | 100.72 |
| कर के पूर्व लाभ | **6,004.40** | 2,141.83 |
| घटाया : (क) कर का प्रावधान | **681.00** | 882.00 |
| (ख) पूर्व के वर्षो के लिए | **(13.60)** | (80.04) |
| (ग) आस्थगित कर का प्रावधान | **3,507.19** | (152.30) |
| (घ) सीमांत लाभकर–सुविधा कर | **28.83** | 29.39 |
| कर के पश्चात् लाभ | **1,800.98** | 1,462.78 |
| जोड़ा : विगत वर्ष से लाया गया | **9,159.11** | 8,499.21 |
| विनियोग के लिए उपलब्ध राशि | **10,960.09** | 9,961.99 |
| **विनियोग** | | |
| साधारण रिजर्व | **470.00** | 370.00 |
| प्रस्तावित लाभांश | **470.00** | 370.00 |
| लाभांश पर कर | **79.88** | 62.88 |
| अधिशेष तुलनपत्र में लाया | **9,940.21** | 9,159.11 |

आपकी कम्पनी ने वर्ष 2008–09 के दौरान राजकोष में आयकर, केन्द्रीय बिक्रीकर, अनुषंगी लाभकर, मूल्य योजित कर, उत्पादशुल्क, सीमाशुल्क एवं स्वामित्व शुल्क के रूप में 1781.60 लाख रूपये का योगदान दिया।

# निदेशकों का प्रतिवेदन

## 1.2 परिचालन निष्पादन :

- **जादुगोड़ा खान**

  जादुगोड़ा खान देश की प्रथम यूरेनियम खान है जो 1968 से व्यवसायिक स्तर पर यूरेनियम अयस्क का उत्पादन लगातार कर रही है। जादुगोड़ा में अधिकांश खनन का कार्य 650 मीटर की गहराई से



  किया जा रहा है। रूफ सपोर्ट, स्टोपिंग पद्धति, यंत्रो का उपयोग व स्टोइन इत्यादि को अपनाकर विभिन्न स्तरों पर सुधार एवं मानकीकरण किया गया है जिससे अधिकतम अयस्क का उत्पादन हो सके। जादुगोड़ा देश की सबसे गहरी प्रचालन रत भूमिगत खान है जहाँ वायु संवाहन, स्तर नियंत्रण व तापमान इत्यादि गहराई में खनन कार्य से जुड़ी चिन्ताएं भी है। पिछले वर्ष 61.31% की तुलना में इस वर्ष में खान की उपयोग क्षमता 55.9% दर्ज की गई है।

- **माटिन खान**

  यह एक छोटी खान है जो जादुगोड़ा खान के पास में स्थित है। अब यह खान 185 मीटर गहरी है। वर्ष



  के दौरान इस खान की उपयोग क्षमता में सुधार हुआ है और पिछले वर्ष 59.12% की तुलना में उपयोग क्षमता 61.39% रही।

- **नरवापहाड़ खान**

  इस खान को वर्ष 1995 में चालू किया गया यह देश की सबसे आधुनिक भूमिगत खान है। जिसमें पटरी विहीन डीज़ल चलित उपकरणों एवं डिकलाइन प्रवेश तकनीकी को अपनाया गया है। गहरे स्तरो से अयस्क को ऊर्ध्वाधर सॉफ्ट जो कि 355 मीटर की गहराई तक लगाया गया है से ऊपर लाया जाता है। इस वर्ष के दौरान निष्पादन क्षमता में सुधार हुआ है और इसकी उपयोग क्षमता 131.64% दर्ज की गई है जबकि यह विगत वर्ष में 118.91% थी।



- **तुरामडीह खान**

  इस खान को वर्ष 2003 में चालू किया गया था। इस खान का ले आउट आधुनिक है जिसमें 11 पटरी विहीन उपकरणों का बहुतायत में प्रयोग किया जाता है। 5 मीटर व्यास का सॉफ्ट ऊपरी सतह से




260 मीटर की गहराई तक खोदा जा रहा है जिससे कि कर्मचारियों एवं सामग्रियों को लाने ले जाने में सुविधा हो सके। इस खान की उत्पादन क्षमता 750 टी.पी.डी. से 1000 टी.पी.डी. की जा रही है। वर्ष के दौरान खान की उपयोग क्षमता 108.19% रही जबकि पिछले वर्ष यह 59.49% थी।

- **बाडुहुरांग ओपेन कास्ट खान**

कम्पनी की यह पहली ओपेन कास्ट खान है जिसे



जनवरी 2009 में चालू किया गया और इसकी उत्पादन क्षमता 3500 टन अयस्क प्रतिदिन की है। यह खान तुरामडीह मिल के पास में स्थित है। इस खान का भंडार अधिक है परन्तु अयस्क में यूरेनियम की मात्रा बहुत कम है। यह पंरम्परागत ओपेन कास्ट खान है जिसमें एक्सकेवेटर डम्पर के संयोजन का इस्तेमाल किया जाता है। इसकी ओर बेंचेज 6 मीटर ऊँचाई तक है जिस पर 6 मीटर/12 मीटर की ओवर बर्डन/वेस्ट बेंचेज है। इस पिट की गहराई 160 मीटर तक होगी तथा अयस्क एवं ओवर वर्डन का अनुपात 1:2.7 होगा।

- **बागजाता भूमिगत खान**

बागजाता भूमिगत खान 70 प्रतिशत क्षमता के साथ 1 दिसम्बर 2008 को चालू की गयी। खान में पटरी विहीन उपकरणों जैसे ड्रील जम्बो, एल.एच.डी. और एल.पी.डी.टी. का इस्तेमाल किया जाता है। आशा




की जाती है कि यह खान अपनी पूर्ण क्षमता वर्ष 2009–10 में प्राप्त कर लेगी। एक ऊर्ध्वाधर साफ्ट 375 मीटर गहराई तक खोदी गई है। मुख्य ढाँचा संरचना एवं उपकरण लगाने आदि का कार्य वर्ष 2010–11 तक पूरे हो जाने की संभावना है।

- **जादुगोड़ा मिल**

जादुगोड़ा संयंत्र को 1000 टन प्रतिदिन निष्पादन क्षमता के साथ वर्ष 1968 में चालू किया गया। इसकी प्रसंस्करण क्षमता का विस्तार कई चरणों में किया गया। वर्तमान में इस खान में जादुगोड़ा, भाटिन एवं नरवापहाड़ खानों से प्राप्त 2090 टन



# निदेशकों का प्रतिवेदन

अयस्क का संसाधन प्रतिवर्ष किया जाता है। इस प्लांट कि क्षमता को बढ़ाकर अब 2500 टन प्रतिदिन किया जा रहा है। वर्ष के दौरान संयत्र की उपयोग क्षमता 111.45% रही जबकि पिछले वर्ष यह 111.94% थी।

- **तुरामडीह मिल**

इस संयंत्र को मार्च 2009 में 3000 टी.पी.डी. के संसाधन क्षमता के साथ चालू किया गया। यह संयंत्र तुरामडीह और बादुहुरांग खान से प्राप्त अयस्क का संसाधन करता है। इसमें मापदण्डो को स्थिर बनाने की प्रक्रिया चल रही है। तुरामडीह



संयंत्र का 4500 टी.पी.डी. अयस्क संसाधन क्षमता हेतु विस्तारीकरण किया जा रहा है। इसके लिए अयस्क की आवश्यकता को तुरामडीह और बादुहुरांग खानों के उत्पादन को बढ़ाकर पूरा किया जाएगा साथ ही साथ माहुलडीह खान से भी अयस्क उत्पादित कर भेजा जाएगा।

- **उप–उत्पाद पृथ्क्करण संयंत्र**

जादुगोड़ा में स्थित उपोत्पादन पृथक्करण संयंत्र मैगनेटाइट का उत्पादन करता है और इसकी उपयोग क्षमता पिछले वर्ष 71.23% की तुलना में इस वर्ष 69.82% रही।

## 1.3 नई परियोजनाएँ तथा विस्तार की योजना

- **माहुलडीह भूमिगत खान**

यह खान जादुगोड़ा से पश्चिम की ओर करीब 27 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस भूमिगत खान का निर्माण कार्य डिक्लाईन एवं ऊर्ध्वाधर



सॉफ्ट द्वारा निर्माणाधीन है। इस खान में पटरी विहीन डीजल उपकरणों का इस्तेमाल किया जाएगा। यहाँ डिक्लाईन के कार्य में अप्रत्यासित रूप से मिली लूज मिट्टी के कारण बाधा उत्पन्न हो रही है। माहुलडीह के अयस्क का संसाधन तुरामडीह में किया जाएगा। वर्ष 2011 तक इसके चालू हो जाने की आशा है।

- **तुमलापल्ली यूरेनियम परियोजना**

आँध्रप्रदेश के कडप्पा जिले में पुलिवेन्डला के निकट 3000 टन प्रतिदिन की प्रस्तावित क्षमता वाली एक



खान एवं संसाधन संयंत्र के निर्माण की परियोजना संतोषजनक रूप से प्रगति पर है। इस खान का प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य तीन डिक्लाईनों के साथ किया जा रहा है, जिसमें योजना है कि अयस्क को कॉनवेयर के द्वारा ऊपर लाया जाएगा। इस संयंत्र में अलकली लिचिंग (दबावधीन) पद्धति का प्रयोग किया जायेगा। इस परियोजना का वर्ष 2011 के दौरान चालू हो जाने की आशा है।

- **लाम्बापुर – पेडागुट्टू परियोजना**

लाम्बापुर–पेडागुट्टू यूरेनियम खनन एवं संसाधन परियोजना का निर्माण आँध्रप्रदेश के नालगोडा जिले में किया जाएगा। एक एनजीओ ने इस परियोजना की स्वीकृत जो कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा दी गई थी का राष्ट्रीय पर्यावरण अपीलेन्ट प्राधिकरण में चुनौती दी थी। इस चुनौती



को कम्पनी के पक्ष में खारिज कर दिया गया। इस परियोजना के लिए 2007 में तैयार की गई डी. पी. आर. को अब पुर्नसंसोधित किया गया है और भारत सरकार से इसकी स्वीकृति प्राप्त हो जाने के पश्चात इस योजना पर कार्य शुरू किया जाएगा।

- **केलेंग पेन्डेन्गसाहिंग माउथाबा परियोजना, मेघालय**

मेघालय के वेस्ट खासी हिल्स में केलेंग पेन्डेन्गसाहिंग माउथाबा परियोजना में ओपेन कास्ट खान और एक संसाधन संयंत्र का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना को दो चरणों में कार्यान्वयन करने का निर्णय लिया गया है। प्रथम चरण में ढ़ाँचागत विकास के लिए परियोजना पूर्व के कार्यकलाप शामिल है और द्वितीय चरण में खान एवं संयंत्र का निर्माण किया जाएगा। मेघालय के सरकार ने यूसिल द्वारा तैयार पूर्व परियोजना कार्यकलापों का अनुमोदन कर दिया है जिसकी लागत 209 करोड़ रूपये आएगी। इस संबंध में भारत सरकार का अनुमोदन प्रतीक्षित है। आपकी कम्पनी कल्याणकारी कार्यों को कार्यस्थल पर लगातार कर रही है और इसमें स्थानीय लोगों का समर्थन प्राप्त हो रहा है।

- **गोगी परियोजना, कर्नाटक**

कर्नाटक के गुलवर्गा जिले के गोगी में यूसिल ने ए. एम. डी. की ओर से अन्वेषी खनन का कार्य हाथ में



लिया है। अयस्क पिण्ड तक पहुँचने के कार्य का विस्तार कर एक डिक्लाइन के निर्माण को शामिल किया गया है। 60 मीटर की गहराई से प्राप्त हो रहे अयस्क का इस्तेमाल पायलट प्लांट के अध्ययन के लिए किया जा रहा है। कम्पनी ने ई.आई.ए. / ई.एम. पी. प्रतिवेदन बनाने का कार्य शुरू कर दिया है जिससे परियोजना निर्माण का कार्य किया जा सके।

- **रोहिल यूरेनियम भंडार**

आपकी कम्पनी ने इस क्षेत्र में अन्वेषण खनन कार्य करने के लिए ए.एम.डी. के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। खनन योजना को पूरा कर लिया गया है इस कार्य का आरम्भ परियोजना के लिए जल स्त्रोत सुनिश्चित होने के बाद ही किया जायेगा। इसके लिए ए.एम.डी. ने एन.जी.आर.आई. को लेकर कार्य आरम्भ कर दिया है।

- **समझौता ज्ञापन निष्पादन**

भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के साथ हुए समझौता ज्ञापन के अनुसार आपकी कम्पनी का निष्पादन कार्य अस्थायी रूप से "फेयर" मूल्यांकित किया गया है। कम्पनी ने समझौता ज्ञापन श्रेणी को उच्चस्तरीय समिति के समझ पुनः विचार हेतु रखा गया है। क्योंकि आप की कम्पनी यह महसूस करती है कि वह इससे उच्च मूल्यॉंकन के योग्य है।

# निदेशकों का प्रतिवेदन

**2.0 लाभांश तथा रिजर्व में को स्थानान्तरण :**

आपके निदेशकगणों 99714.78 लाख की प्रदत्त पूँजी पर अंशधारियों को रू॰ 470.00 लाख रूपये लाभांश देने की सिफारिश करते हुए प्रसन्नता हो रही है यह लाभांश विगत वर्ष रू॰ 370.00 लाख था, जो 79264.78 लाख की प्रदत्त पूँजी पर दिया गया था। इस वर्ष के लाभ से 470.00 लाख रूपयों को सामान्य आरक्षित राशि में स्थानान्तरित किया गया तथा वर्ष 2008–09 के लेखा में 79.88 लाख रूपय लाभांश कर के लिये प्रावधान किया गया है।

**3.0 अंश पूँजी :**

वर्ष के दौरान कम्पनी की अधिकृत अंशपूँजी 1500.00 करोड़ रूपये थी तथा 31.03.2009 को निर्गमित अंशपूँजी 997.15 करोड़ रूपये थी।

**4.0 ऊर्जा संरक्षण/प्रौद्योगिकी का समावेश, अनुकूलन, इनोवेशन, विदेशी मुद्रा का अर्जन एवं उपयोग**

कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 217(i)(ई) (निदेशक मण्डल के प्रतिवेदन में दिखाए गये विवरण) व कम्पनी नियम 1988 के अनुसार पठित ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी का समावेश तथा विदेशी मुद्रा के उपयोग एवं अर्जन संबंधी विवरण इस प्रतिवेदन के अनुलग्नक–i में दिखलाया गया है।

**5.0 औद्योगिक सम्बंध**

वर्ष के दौरान कम्पनी की सभी इकाईयों में औद्योगिकी संबंध संतोषजनक रहा। यूनियन प्रतिनिधियों के साथ लगातार वार्ता होती रही और कामगारों की समस्या से संबंधित विभिन्न मुद्दों का हल निकाला गया। वेतन पुनरीक्षण समझौता वार्त्ता संतोषजनक प्रगति पर है आशा है कि इसे शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी बढ़ाने हेतु उन्हें कल्याण समिति, पदोन्नति, प्रशासन और गृह आवंटन आदि मामलों में शामिल किया जाता है।

**6.0 जनशक्ति**

31.03.2009 को आपकी कम्पनी में कर्मचारियों की कुल संख्या 4643 थी। वर्ष के दौरान 75 व्यक्तियों की समूह क, ख, ग एवं घ में नियुक्ति की गई। स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति योजना के अन्तर्गत कुल 24 लोग पद मुक्त हुए। कम्पनी में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के कर्मचारियों की संख्या क्रमशः 415 तथा 1767 हैं, इन दोनो वर्गों का प्रतिनिधित्व कम्पनी की कुल जनशक्ति का 46.99 प्रतिशत है। 31.03.2009 को कम्पनी में भूतपूर्व सैनिकों की संख्या 44 तथा शारीरिक रूप से विकलांग कर्मियों की संख्या 49 थी। सरकार द्वारा निर्धारित मार्गदर्शनों के आधार पर आरक्षित कोटा भरने के लिए कम्पनी द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है।

**7.0 प्रबंधन में कर्मचारियों की भागीदारी**

आपकी कम्पनी में सौहार्दपूर्ण औद्योगिक सम्बन्ध कर्मचारियों की प्रबन्धन में भागीदारी की नीति का परिणाम है। इसके अन्तर्गत शाप परिषद की बैठक नियमित रूप से हुई। प्रतिवेदन वर्ष के दौरान शॉप परिषद् की 38 बैठकें आयोजित की गई। कर्मचारियों को भविष्य निधि के न्यास बोर्ड, ग्रैयूटि निधि न्यास, मृत्यु लाभ योजना, कर्मचारी पारिवारिक सहायता योजना, कल्याण निधि योजना तथा को–ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी आदि योजनाओं में प्रतिनिधित्व दिया गया। वे सुरक्षा समिति, कैन्टीन प्रबंधन समिति तथा स्पोर्ट्स परिषद इत्यादि के भी सदस्य हैं। कर्मचारियों से संबंधित विभिन्न मुद्दो के समाधान हेतु अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में संयुक्त परिषद् की बैठकें होती है।

**8.0 कर्मचारियों का विवरण**

कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 217(2ए) के साथ पठित यथा संशोधित (कर्मचारियों का विवरण) नियम, 1975 के अनुसार किसी भी कर्मचारी ने सीमा से अधिक वेतन नहीं पाया।

**9.0 मानव संसाधन का विकास एवं प्रशिक्षण**

आपकी कम्पनी मानती है कि मानव संसाधन का विकास कम्पनी के विकास के साथ अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है। सभी श्रेणी के कर्मचारियों की कार्यकुशलता और ज्ञान में वृद्धि के लिए आपकी कम्पनी में एक सुनियोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। आपकी कम्पनी का प्रबंधन प्रशिक्षण केन्द्र इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। वित्तीय वर्ष के दौरान 1308 कामगारो को व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया गया, 100 लोगों को प्रशिक्षण अधिनियम के अन्तर्गत प्रशिक्षण दिया गया एवं 86 कर्मचारियों को विभिन्न संस्थानों में समारोह व कार्यशालाओं में भाग लेने तथा प्रशिक्षण के लिए

भेजा गया जिससे कि उनकी निपुणता तथा व्यवसायिक जानकारी में वृद्धि हो। 07 अधिकारियों को अन्तराष्ट्रीय समारोह तथा सम्मेलनों आदि में भाग लेने के लिए विदेश भेजा गया।

**10.0 सुरक्षा**

आपकी कम्पनी ने अपनी सभी प्रचालित इकाईयों में औद्योगिक और रेडियोलॉजिकल सुरक्षा के उच्च स्तर को कायम रखा है। जिससे आपकी कम्पनी में औद्योगिक दुर्घटना की दर कम रही और औद्योगिक स्वास्थ का उच्च मापदण्ड कायम रहा। विभिन्न विभागों में कार्यरत सुरक्षा समितियां एक दूसरे से समय–समय पर मिलती रही। कर्मचारियों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए सभी इकाईयों में वार्षिक सुरक्षा सप्ताह समारोह का आयोजन भी किया गया। जादुगोड़ा में डी.जी.एम.एस. के अधिकारी, यूनियन प्रतिनिधियों एवं प्रबंधन की बीच एक त्रिपक्षीय बैठक सुरक्षा स्तर की समीक्षा एवं भविष्य की रूपरेखा बनाने के लिए आयोजित की गई।

**11.0 कर्मचारियों के लिए कल्याणकारी तथा सामाजिक सुविधाएं**

आपकी कम्पनी कॉरपोरेट सामाजिक दायित्वों के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। कम्पनी, अपनी कार्यरत इकाईयों के आस–पास के गाँवों के युवाओं को उनकी स्वास्थ, शिक्षा, सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों के लिये ढाँचागत व आर्थिक मदद प्रदान करती है। इस कार्य के लिये वरिष्ठ अधिकारियों एवं स्थानीय युवाओं के प्रतिनिधियों का संगठन बनाया गया है जिसे जरूरी वार्षिक बजट दिया जाता है।

स्थानीय बेराजगार युवकों को विभिन्न स्वरोजगार उन्मुख प्रशिक्षण देने का कार्यक्रम जन–शिक्षण संस्थान (मानव संसाधन विकास मंत्रालय का एक संगठन) के साथ मिलकर चलाया जा रहा है।

आपकी कम्पनी ने नरवापहाड़ में ग्रामीण चिकित्सा केन्द्र की स्थापना की है जहाँ गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले कार्डधारी ग्रामीणों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाती है, इसके अतिरिक्त कम्पनी अपनी इकाईयों के आस–पास के गाँवों में समय–समय पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन करती है एवं ग्रामीणों में औषधियों का निःशुल्क वितरण भी किया जाता है।



आपकी कम्पनी ने निकटवर्ती गाँवों के युवाओं को विशेष रूप से विस्थापित परिवारों के युवाओं को उद्योगों के लिये आवश्यक कार्यकुशलता सिखाने के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की है। यूसिल की प्रचालनरत इकाईयों के आस–पास रहने वाले लोगों की आवश्यकतायों और आकांक्षाओं को जानने के लिए जेवियर्स सामाजिक विज्ञान संस्थान द्वारा सर्वेक्षण कराया गया था। इस सर्वेक्षण से कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व को दिशा मिली है।

आँध्रप्रदेश, तुमल्लापल्ली परियोजना के आस–पास के क्षेत्रों में कल्याणकारी योजनाओं को उच्च प्राथमिकता के आधार पर चलाया जा रहा है। आपकी कम्पनी द्वारा सौर्यऊर्जा द्वारा चालित प्रकाश की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक वर्ष आस–पास के गाँवों से उच्च शिक्षा के लिए 10 मेधावी छात्रों को चयनित कर उन्हें मासिक छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। आस–पास के गाँवों में नियमित रूप से चिकित्सा शिविर लगाए गयें है जहाँ पर निःशुल्क औषध भी प्रदान की जाती है।

मेघालय के के.पी.एम. परियोजना क्षेत्र के आस–पास आपकी कम्पनी द्वारा लगातार कल्याणकारी योजनाएँ चलाई जा रही है। जिनमें सड़क निर्माण, विद्यालय एवं प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र का संचालन आदि शामिल है।

इससे कम्पनी की समाजिक सरोकारो के प्रति प्रतिबद्धता के बारे में जागरूकता फैली है और

# निदेशकों का प्रतिवेदन

आशा है कि कम्पनी के कार्यकलाप आरम्भ होने के पूर्व इससे स्थानीय लोगों में सद्भावना पैदा होगी।

**12.0 कॉरपोरेट अभिशासन**

**कॉरपोरेट अभिशासन से संबंधित एक रिपोर्ट अनुलग्नक–II में दी गयी है।**

**13.0 सार्वजनिक जमा**

वर्तमान समीक्षा के वर्ष कम्पनी ने किसी भी व्यक्ति से कोई जमा राशि स्वीकार नहीं की।

**14.0 पर्यावरण एवं वातावरण संरक्षण**

पर्यावरण एवं वातावरण संरक्षण को कम्पनी उच्चतम प्राथमिकता देती है। भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र द्वारा जादुगोड़ा, नरवापहाड़ और तुरामडीह में प्रचालन संयंत्र के आसपास के क्षेत्रों में विकिरण स्तर की नियमित रूप से निगरानी की जाती है। वाह्यगामा रेडिएसन, रेडॉन सान्द्रता, वायु में अल्फा कणों की उपस्थिति और भूमि एवं भूमि के नीचे उपस्थित जल, खाद्य पदार्थों एवं मिट्टी आदि में रेडियम व यूरेनियम जैसे रेडियो न्यूक्लाइड्स की सान्द्रता का आकलन नियमित रूप से किया जाता है। आपकी कम्पनी ने अपनी इकाईयों एवं रिहायशी क्षेत्रो में स्वस्थ पर्यावरण तथा प्रदूषण मुक्त वातावरण की स्थापना के लिये विशेष कदम उठाए हैं। इस दिशा में कम्पनी द्वारा समय समय पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाता है। आस पास के गाँव के लोगों को भी वृक्षारोपण के लिये उत्साहित करने के लिये निःशुल्क पौधे दिये जाते हैं।

**15.0 आई॰ एस॰ ओ॰ प्रमाणीकरण**

आपके निदेशकगण आपको यह बताते हुए हर्ष महसूस करते हैं कि कम्पनी को आई॰एस॰ओ॰ 9001:2000 तथा आई॰एस॰ओ॰ 14001:2004 तथा आई॰एस॰ 18001:2007 का प्रमाण–पत्र इसके गुणवत्ता सुनिश्चित करने की व्यवस्था, पर्यावरण प्रबंधन व्यवस्था तथा व्यवसायिक स्वास्थ तथा सुरक्षा प्रबंधन व्यवस्था के लिए प्रदान किया गया है। इससे पता चलता है कि कम्पनी सुरक्षा एवं पर्यावरण प्रचालन के लिए वर्तमान एवं आने वाली परियोजना के लिए प्रतिबद्ध है।

**16.0 लघु उद्योग – धंधे**

इस वर्ष भी आपकी कम्पनी ने अपने आसपास के क्षेत्रों में स्थित लघु उद्योगों को सहयोग प्रदान करने के लिये उनके उत्पादों का अधिकतम मात्रा में क्रय किया है।

**17.0 विदेश भ्रमण**

इस वर्ष विदेश यात्रा पर 12.49 लाख रूपया खर्च हुआ जबकि विगत वर्ष 3.46 लाख रूपया खर्च हुआ था।

**18.0 विज्ञापन एवं प्रचार**

विगत वर्ष के रू॰ 210.28 लाख की तुलना में इस वर्ष विज्ञापन एवं प्रचार कार्य पर 103.31 लाख रूपया खर्च हुआ। यह खर्च अधिकांशतः नियुक्तियों एवं निविदा संबंधी सूचनाओं के प्रसारण पर किया गया।

**19.0 अतिथिगृह पर खर्च**

इस मद पर कुल (मूल्यह्रास, मरम्मत एवं अनुरक्षण सहित) 51.23 लाख रूपया खर्च हुआ। पिछले वर्ष यह खर्च 35.81 लाख रूपये था।

**20.0 राजभाषा नीति**

वर्ष के दौरान कम्पनी ने राजभाषा अधिनियम, 1963 के अन्तर्गत बने प्रावधानों एवं नियमों को कार्यान्वित करने की दिशा में प्रयास जारी रखा है। प्रगति की समीक्षा के लिए राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें समय–समय पर आयोजित की जाती है। कर्मचारियों को प्रतियोगिता के माध्यम से विभिन्न प्रकार के नकद पुरस्कार प्रदान किये गए। हिन्दी कार्यशाला समय–समय पर आयोजित की गई। वर्तमान समीक्षा वर्ष में भारत सरकार के राजभाषा विभाग की शिक्षण योजना द्वारा आयोजित हिन्दी परीक्षा में 04 कर्मचारी उत्तीर्ण हुए।

**21.0 लेखा परीक्षकों की नियुक्ति**

वित्तीय वर्ष 2009–2010 के लिए भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा मेसर्स एस॰ गांगुली एण्ड एसोसिएट, द्वारा श्री एच. एन. झा, फ्लैट सं. 3, एन. रोड, श्रेष्ठा अपार्टमेन्ट, प्रथम तल, बिष्टुपुर, जमशेदपुर–831001 को लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया।

**22.0 सतर्कता**

कम्पनी का सतर्कता विभाग मुख्य सतर्कता अधिकारी के आधीन कार्य करता है और वह अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को रिपोर्ट करता है। इसके

अतिरिक्त विभिन्न विभागों के 07 वरिष्ठ अधिकारी आकस्मिक जाँच करने तथा भँडार एवं अन्य कार्यों को सत्यापित करने के लिए अधिकृत किये गये हैं। वर्ष के दौरान केन्द्रीय सतर्कता आयोग को समय–समय पर प्रतिवेदन/रिटर्न भेजे गये। कम्पनी में 03–07 नवम्बर 2008 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। निवारक सतर्कता उपायों को प्रभावी रूप से लागू करने के लिये विभिन्न प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं में सुधार हुआ है। केन्द्रीय सतर्कता आयोग से प्राप्त निर्देशों का संस्थान में कड़ाई से पालन होता है।

**23.0 निदेशकगण (नियुक्ति/अवसान)**

श्री अशोक कुमार बसु, मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार 31.08.2009 से कम्पनी के निदेशक पद पर नहीं रहे। निदेशक के रूप में बहुमूल्य सेवाओं के लिये आपके निदेशकगण श्री बसु की सराहना करते हैं।

**24.0 भावी दृष्टिकोण**

आपके निदेशकगण यह बताते हुए हर्ष महसूस करते हैं कि कम्पनी द्वारा लिए जा रहे विस्तारण कार्यक्रम को सफलता पूर्वक कार्यान्वित किया जा रहा है। वर्ष 2008–2009 के दौरान बागजाता भूमिगत खान, बादुहुरांग खान अपने विस्तारण क्षमता के अनुसार कार्य कर रही है और तुरामडीह संयंत्र भी चालु हो गया है। जादुगोड़ा और तुरामडीह संयंत्र का विस्तारण कार्यक्रम, माहुलडीह खान का निर्माण और तुमल्लापल्ली परियोजना का कार्य संतोष जनक रूप से चल रहा है। राष्ट्रीय पर्यावरण अपीलेट प्राधिकरण ने लाम्बापुर परियोजना से संबंधित निर्णय कम्पनी के पक्ष में दिया है। मेघालय सरकार ने परियोजना पूर्व के कार्यकलापों के लिए 209 करोड़ रूपये के यूसिल के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। नाभिकीय क्षेत्र में अन्तराष्ट्रीय सहयोग में विकास लाने के लिये यूसीआईएल बाहर से भी यूरेनियम प्राप्त करने के लिए सभी प्रयास कर रही है।

उपर्युक्त सभी कार्यकलापों से आपके निदेशकगण को विश्वास है कि आपकी कम्पनी देश के नाभिकीय ऊर्जा कार्यक्रम को पूरा करने के लिए यूरेनियम की आवश्यकताओं को पूरा कर पायेगी।

**25.0 निदेशकों का उत्तरदायित्व संबंधी विवरण**

कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 217 (2एए) के प्रावधानों के अनुसार आपके निदेशकगण बताते हैं कि–

(i) वार्षिक प्रतिवेदन की तैयारी में लागू लेखा मानक को अपनाया गया है।

(ii) आपके निदेशकों ने उन्हीं लेखा नीतियों को अपनाया है जो साधारणतया स्वीकृत लेखा उद्देश्यों के लिए मान्य है। इसे संगतरूप से अपनाया गया है तथा इसके साथ न्याय एवं मूल्यांकन किया गया है जो कि विवेकसंगत तथा न्यायपूर्ण है जिससे कि वितीय वर्ष के अंत में तथा उसी अवधि में लाभ हानि संबंधी सच्चा एवं स्पष्ट विचार प्रस्तुत किया जा सके।

(iii) आपके निदेशकों ने कम्पनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कम्पनी की सुरक्षा एवं बचाव तथा जालसाजी एवं अन्य अनियमितताओं का पता लगाने के लिए अभिलेख रखने में मुख्य रूप से पर्याप्त सावधानी रखी है।

(iv) आपके निदेशकों ने चालू संस्थान के आधार पर वार्षिक लेखा तैयार किया है।

**22.0 आभार प्रदर्शन**

आपके निदेशकगण परमाणु ऊर्जा विभाग, परमाणु खनिज गवेषण एवं अनुसंधान निदेशालय, नाभिकीय ईंधन समिश्र, भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र तथा झारखण्ड सरकार, कम्पनी मामलों के विभाग, लोक उद्यम विभाग तथा अन्य मंत्रालयों नियंत्रक तथा भारत के महालेखा परीक्षक, कानूनी लेखा परीक्षकों, मुख्य वाणिज्यिक लेखा परीक्षा निदेशक एवं पदेन सदस्य लेखा परीक्षा परिषद–II कोलकाता तथा बैंकों तथा अन्य संगठन जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कम्पनी से सम्बन्धित है से प्राप्त सुझाव एवं सहायता के लिए उनके प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करता है।

अंत में, आपके निदेशकगण सभी कर्मचारियों द्वारा निष्ठा एवं समर्पण के भाव से किये गये कार्यों तथा कर्मचारी यूनियनों एवं अधिकारियों के संगठन द्वारा सहयोग प्रदान करने के लिए उनके प्रति अपना आभार प्रकट करते हैं।

कृते एवं निदेशक मण्डल की ओर से

जादुगोड़ा
22 सितम्बर, 2009

**आर॰ गुप्ता**
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक

# निदेशकों के प्रतिवेदन का परिशिष्ट–I

कम्पनी नियम, 1988 के अन्तर्गत अपेक्षित (निदेशक मण्डल के प्रतिवेदन में दिया गया) विवरण

**ऊर्जा संरक्षण**

**(क)** ऊर्जा संरक्षण के लिए निम्नलिखित उपाय किये गये हैं।

1. ऊर्जा सक्षम सी.एफ.एल. लैम्प को भूमिगत खादानों एवं अन्य स्थलों में लगातार लगाया जा रहा है।
2. परम्परागत चोक (बैलैस्ट) के स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक चोक लगाए जा रहे हैं।
3. चेंज रूप में कामगारों के लिए सौर ऊर्जा वाटर हीटर लगाए जा रहे हैं।
4. स्वचालित नियंत्रण वाली एच.पी.एस.वी. स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही हैं।

**(ख)** ऊर्जा की खपत को कम करने के लिए अतिरिक्त विनियोग के साथ निम्न प्रस्तावों का कार्यान्वयन किया जा रहा है।

1. घनात्मक पम्प लगाए जाने के फलस्वरूप पम्प चालन के घंटों में 20% की कमी आई है। इसमें नये संशोधित सम्प निर्माण करने की आवश्यकता है जिसकी लागत प्रतिसेट लागत 10 लाख रूपये आएगी।
2. केपॉशिटर बैंक की स्थापना से पावर फैक्टर में सुधार हुआ है।

**(ग)** (क) तथा (ख) उपायों को अपनाये जाने का प्रभाव

(क) तथा (ख) उपायों को अपनाये जाने के बाद सम्बंधित क्षेत्रों में ऊर्जा की खपत में कमी आयेगी।

**विदेशी मुद्रका का अर्जन एवं उपयोग**

यह कम्पनी निर्यात व्यापार में संलग्न नहीं है तथापि कलपूर्जों एवं पूँजीगत सामानों के क्रय पर इस वर्ष 3175.94 लाख रूपये की विदेशी मुद्रा का इस्तेमाल किया गया।

**प्रपत्र – बी**

अनुसंधान एवं विकास तथा तकनीकी ग्रहण करने के सम्बंध में विवरण प्रपत्र।

**अनुसंधान एवं विकास (आर एण्ड डी)**

**1. विशेष क्षेत्र जहाँ कम्पनी द्वारा अनुसंधान एवं विकास का कार्य किया गया।**

क) नयी खदानों से निकलने वाले खनिज के स्वरूप व संयंत्र में भेजे जाने वाले खनिज के अनुपात को ध्यान में रखकर जादुगोड़ा व तुरामडीह संयंत्रों के प्रक्रिया मानकों का अनुकूलन किया गया है।

ख) तुरामडीह यूरेनियम संयंत्र की टेलिंग्स स्लरी/ई.टी.पी. में प्राप्त लीकर का उदासीकरण।

ग) मैग्नेशियम डाई यूरेनेट के स्थान पर यूरेनियम पॅराक्साइड का उत्पादन।

घ) यूसील एवं बी.ए.आर.सी. के वैज्ञानिकों को एक संयुक्त टीम द्वारा पॉयलट प्लांट में निम्नलिखित बातों पर अध्ययन किया गया

I. गोगी यूरेनियम भण्डार के विकास हेतु प्रक्रिया मानक तैयार करना।

ii. तुमल्लापल्ली अयस्क की लीचिंग हेतु श्रेष्ठतम उपायों द्वारा बेल्ट फिल्टर प्रणाली को अपनाते हुए स्लरी की लीचिंग करना।

iii. तुमलापल्ली अयस्क के संशोधन के दौरान सोडियम सल्फेट का स्वाकरण (क्रिस्टलाईजेशन)।

**2. उपर्युक्त आर एण्ड डी के कार्यों के फलस्वरूप हुए लाभ**

i. जादुगोड़ा और तुरामडीह संयंत्रों की क्षमता में सुधार दर्ज की गई है।

ii. ई.टी.पी. के द्रव्यों में बेरियम–रेडियम मिश्रण के उदासीकरण के दौरान निक्षेपित मात्रा आशानुकूल प्राप्त हुई।

iii. अंतिम उत्पाद के रूप में यूरेनियम परॉक्साइड का उत्पादन करने के लिए फ्लोशीट को अंतिम रूप दे दिया गया।

3. **भविष्य की रूप रेखा**

क) फ्लोशीट को अंतिम रूप देने के लिए अधिक प्रयोग / अध्ययन एवं गोगी के यूरेनियम अयस्क का श्रेष्ठतमीकरण करना।

ख) प्रक्रियाओं को विकसित कर यूरेनियम विश्लेषण के लिए आई.सी.पी. – ए.ई.एस. को लागू करना।

ग) यूसिल के सभी संयंत्रों में यूरेनियम पैरोक्साइट के उत्पादन के लिए प्रक्रियाओं का कार्यन्वयन।

4. **अनुसंधान एवं विकास पर खर्च**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | पूँजी | रू॰ | 79.61 लाख |
| (ख) | राजस्व | रू॰ | 106.57 लाख |
| | कुल | रू॰ | 186.18 लाख |

5. **प्रौद्योगिकी समावेश, अनुकूलन एवं नवीनीकरण**

कम्पनी ने यूरेनियम के खनन तथा संसाधन में अत्याधुनिक तकनीकी को अपनाकर उत्पादकता बढ़ाने तथा उत्पादन लागत को कम करने का प्रयास किया है।

(क) देश में पहली बार भूमिगत खदान में विस्फोटक की बड़ी मात्रा को विस्फोट करने का सफल प्रयोग किया गया।

(ख) हाइड्रोलिक सिलिडंर, पम्प, मोटर एवं अन्य उपकरणों की जाँच करने के लिए नरवापहाड़ में हाइड्रोलिक जाँच बेंच की स्थापना।

(ग) त्रीआयामी अयस्क बॉडी मॉडलिंग और खान योजना के लिये नये सॅफ्टवेयर (माक्रोमाइन) का क्रय किया है और इसका सफलता पूर्वक कार्यान्वयन भी किया गया है।

(घ) तुरामडीह संयंत्र में पी.एल.सी. नियंत्रण प्रणाली जो मैन मशीन इन्टरफेस (एम.एम.आई.) पर आधारित है इसके साथ रिमोट द्वारा इनपुट–आउटपुट की सुविधा है जिसके द्वारा प्रक्रिया मानको ड्राइग्स के स्तरों, संबंधित प्रक्रिया वैरिएबल का नियंत्रण एवं उपकरणों का प्रचालन एवं प्लांट ग्राफिक्स ऑपरेटर स्टेशन का कार्यान्वयन का कार्य सफलता पूर्वक किया गया।

(ङ) एम. डी. यू. के स्थान पर यूरेनियम परॉक्साइड ($UO_4$, $H_2O$) के निक्षेपण के लिए प्रक्रिया द्वारा इसका अंतिम उत्पाद के रूप में प्रक्रिया पथ तैयार किया गया है और यह कार्यान्वयनाधीन है।

(च) टेलिंग्स लाइन में रिसाव का पता लगाने के लिए प्रेशर सेंसर की स्थापना की गई है।

# अंशधारियों को निदेशकों के प्रतिवेदन का अनुलग्नक परिशिष्ट – II

## कॉरपोरेट अभिशासन

कम्पनी को विश्वास है कि उन्नत कॉरपोरेट अभिशासन पारदर्शिता एवं स्पष्टीकरण एवं सत्यनिष्ठा को बढ़ाता है। आपकी कम्पनी द्वारा कॉरपोरेट अभिशासन के अपने समस्त कार्यों में निष्कपटता एवं पारदर्शिता के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है।

### निदेशक मण्डल

कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 617 के अन्तर्गत यूसिल एक सरकारी कम्पनी है। इसकी समस्त अभिदत्त पूँजी भारत के राष्ट्रपति के पास है तथा इसके 3 शेयर उनके द्वारा नामजद व्यक्तियों के पास है। निदेशक मंडल में कार्यपालकों तथा गैर कार्यपालकों का उचित समिश्रण है। 31.03.2009 को बोर्ड में 7 निदेशक है जिनमें (i) 3 पूर्ण कालीन कार्यरत निदेशक है यथा – अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, निदेशक (वित्त) तथा निदेशक (तकनीकी) तथा (ii) 7 अल्प अवधि के गैर कार्यपालक निदेशक हैं। बोर्ड की बैठक नियमित अन्तराल पर होती है तथा यह कम्पनी के उचित निर्देशन एवं प्रबधन के प्रति उत्तरदायी है।

मार्च 2009 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में बोर्ड के निदेशकों की 4 बैठकें आयोजित की गई जो इस प्रकार है – 27.06.2008, 25.09.2008, 29.12.2008 तथा 30.03.2009। निदेशकों की संख्या उनकी, बोर्ड की बैठकों में उपस्थिति एवं वार्षिक साधारण सभा तथा असाधारण बैठकों में उनकी उपस्थिति इस प्रकार थी :–

| 31.03.2009 को नाम एवं पदनाम | श्रेणी | बोर्ड की बैठक | | 25.9.08 को हुई वार्षिक साधारण सभा में उपस्थिति | अन्य निदेशकों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| | | कार्यकाल अवधि में हुई | उपस्थिति | | |
| **कार्यकारी निदेशक** | | | | | |
| श्री आर. गुप्ता<br>अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक | पूर्णकालिक निदेशक | 04 | 04 | हाँ | – |
| श्री डी. आचार्या<br>निदेशक (तकनीकी) | पूर्णकालिक निदेशक | 04 | 04 | नहीं | – |
| श्री आर. पी. गुप्ता<br>निदेशक (वित्त) | पूर्णकालिक निदेशक | 04 | 04 | नहीं | |
| **गैर कार्यकारी निदेशक** | | | | | |
| श्रीमती रेवती अय्यर<br>संयुक्त सचिव (आई एण्ड एम) डी.ए.इ. | अंशकालिक पदेन | 04 | 03 | हाँ | 02 |
| श्री वी. आर. सदाशिवम<br>संयुक्त सचिव (वित्त) | अंशकालिक पदेन | 04 | 04 | हाँ | 04 |
| श्री ए. के. बसु<br>मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार | अंशकालिक पदेन | 04 | 03 | नहीं | 03 |
| श्री एस. पी. मेहरोत्रा<br>निदेशक, एन.एम.एल. | अंशकालिक | 04 | 03 | नहीं | 01 |
| श्री एम. एल. मजुमदार<br>सेवानिवृत्त भारत सरकार के सचिव | अंशकालिक | 04 | 04 | नहीं | 03 |
| श्री आर. एन. जयराज<br>मुख्य कार्यकारी निदेशक, एन.एफ.सी. | अंशकालिक | 04 | 03 | नहीं | 01 |
| डॉ० अंजन चाकी<br>निदेशक, ए.एम.डी. | अंशकालिक | 04 | 04 | नहीं | – |

कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा – 617 के अनुसार पूर्णकालिक के लिए कार्यस्थ निदेशकों का वेतन भारत सरकार द्वारा निर्धारित किया जाता है क्योंकि यह भारत सरकार की कम्पनी है। अंशकालिक निदेशकों के लिए जो या तो सरकारी अधिकारी है अथवा सरकारी उपक्रम के अधिकारी होते हैं उन्हें बैठक में उपस्थित होने परकोई शुल्क नहीं प्रदान किया जाता है।

**लेखा परीक्षण समिति**

31.03.2009 के अनुसार लेखा परीक्षण समिति का गठन किया गया –

1. श्रीमती रेवती अय्यर : अध्यक्ष
   संयुक्त सचिव (आई एण्ड एम)
   परमाणु ऊर्जा विभाग
2. श्री वी. आर. सदाशिवम : सदस्य
   संयुक्त सचिव (वित्त)
   परमाणु ऊर्जा विभाग
3. श्री डी. आचार्या : सदस्य
   निदेशक (तकनीकी)
   यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
4. श्री आर. एन. जयराज : सदस्य
   मुख्य कार्यकारी
   एन. एफ. सी.

वर्ष के दौरान समिति की 4 बैठकें आयोजित की गई जो 27.06.2008, 25.09.2008, 29.12.2008 तथा 30.03.2009 को आयोजित की गई। समिति ने कम्पनी की वार्षिक प्रतिवेदन 2008–09 की समीक्षा की तथा इसके साथ ही आंतरिक लेखा परीक्षकों तथा सांविधिक लेखा परीक्षकों के प्रतिवेदन की समीक्षा की।

**साधारण बैठकें :**

विगत 3 वर्ष के दौरान आयोजित वार्षिक साधारण बैठकों/असाधारण बैठकों की संख्या इस प्रकार है :

| वर्ष | दिनांक | समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 2005–06 (एजीएम) | 22.09.2006 | 13.00 बजे | यूसील, शिलाँग |
| 2006–07 (एजीएम) | 25.09.2007 | 13.00 बजे | डीएई, मुम्बई |
| 2007–08 (एजीएम) | 25.09.2008 | 13.00 बजे | डीएई गेस्ट हाऊस, नई दिल्ली |

# प्रमुख विशिष्टताएँ

अनुलग्नक–I

(लाख रुपयों में)

| | विवरण | 2008–09 | 2007–08 | 2007–08 की तुलना में वृद्धि / कमी |
|---|---|---|---|---|
| (क) | **परिचालन परिणाम** | | | |
| | टर्नओवर | 37,429.95 | 28,087.81 | 9,342.14 |
| | सकल आय | 41,462.48 | 30,436.32 | 11,026.17 |
| | सकल व्यय | 35,349.49 | 28,193.77 | 7,155.73 |
| | सकल लाभ | 6,112.98 | 2,242.55 | 3,870.43 |
| | कर पूर्व लाभ एवं पूर्व अवधि का समायोजन | 6,004.40 | 2,141.83 | 3,862.58 |
| | कर पश्चात् शुद्ध लाभ | 1,800.98 | 1,462.78 | 338.20 |
| (ख) | **वर्ष के अन्त की वित्तीय स्थिति** | | | |
| | शेयर पूँजी | 107,764.78 | 84,164.78 | 23,600.00 |
| | आरक्षित एवं अधिशेष | 13,684.25 | 12,433.14 | 1,251.10 |
| | नियोजित पूंजी | 91,618.01 | 45,887.22 | 45,730.78 |
| | निवल मालियत | 121,449.03 | 96,597.92 | 24,851.10 |
| | सकल निरुद्ध पूंजी | 117,101.32 | 67,254.06 | 49,847.26 |
| | मूल्य – ह्रास | 33,914.00 | 31,011.89 | 2,902.11 |
| | शुद्ध निरुद्ध पूंजी | 83,187.32 | 36,242.17 | 46,945.15 |
| | सम्पत्ति सूची | 7,531.81 | 4,572.46 | 2,959.34 |
| (ग) | **लाभकारिता तथा अन्य अनुपात** | | | |
| | i) प्रतिशतता : | | | |
| | बिक्री में सकल लाभ / (हानि) | 16.33 | 7.98 | |
| | बिक्री में शुद्ध लाभ / (हानि) | 4.81 | 5.21 | |
| | निवल मालियत में सकल लाभ / (हानि) | 5.03 | 2.32 | |
| | निवल मालियत में शुद्ध लाभ / (हानि) | 1.48 | 1.51 | |
| | नियोजित पूंजी में सकल लाभ / (हानि) | 6.67 | 4.89 | |
| | नियोजित पूंजी में शुद्ध लाभ / (हानि) | 1.97 | 3.19 | |
| | इकाई पूंजी में सकल लाभ / (हानि) | 5.67 | 2.66 | |
| | बिक्री में माल सूची | 20.12 | 16.28 | |
| | नियोजित पूंजी में बिक्री | 40.85 | 61.21 | |
| | ii) अनुपात : | | | |
| | चालू परिसम्पत्ति से चालू देयता | 1.16 : 1 | 1.48 : 1 | |
| | तत्काल परिसम्पत्ति से देयता | 0.94 : 1 | 1.20 : 1 | |

# कम्पनी की वित्तीय स्थिति

अनुलग्नक–II

## 31 मार्च, 2009 तथा 2008 का संक्षिप्त तुलन पत्र

(लाख रुपयों में)

| | विवरण | 2008–09 | 2007–08 | 2007–08 की तुलना में वृद्धि / कमी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **कम्पनी का स्वामित्व** | | | |
| | **(क) अचल परिसम्पत्ति** | | | |
| | सकल ब्लाक | **117,101.32** | 67,254.06 | 49,847.26 |
| | घटाया : मूल्यह्रास | **33,914.00** | 31,011.89 | 2,902.11 |
| | | **83,187.32** | 36,242.17 | 46,945.15 |
| | प्रगतिशील पूँजीगत कार्य / स्टॉक | **36,687.63** | 54,060.12 | (17,372.49) |
| | **उप–योग (क)** | **119,874.95** | 90,302.29 | 29,572.66 |
| | **(ख) चालू परिसम्पत्तियाँ** | | | |
| | i) व्यापाराधीन स्टॉक, भण्डार, प्रत्यक्ष सामग्री देनदारी, उपचित ब्याज | **12,818.34** | 7,378.99 | 5,439.35 |
| | ii) नकद या वस्तु के रूप में या वस्तु से प्राप्त मूल्य के रूप में वसूली योग्य अग्रिम | **4,457.62** | 3,305.30 | 1,152.33 |
| | iii) नगद तथा बैंक में जमा शेष राशि | **26,456.81** | 16,450.71 | 10,006.10 |
| | उप–योग (ख) | **43,732.77** | 27,134.99 | 16,597.78 |
| | **योग – 1 (क + ख)** | **163,607.72** | 117,437.28 | 46,170.44 |
